# घरेलू कुकिंग को छोटे उद्यम में बदलें : मंत्री शुक्ला

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 26 जून।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में जनपद पंचायत मेहगांव द्वारा सांदीपनि बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में

**नशा मुक्ति की शपथ दिलाई**




कुकिंग कम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने प्रतिभागियों और आयोजकों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया और पारंपरिक व आधुनिक दोनों प्रकार की रेसिपियों में अपनी कला दिखाई। निर्णायकों द्वारा स्वाद, प्रस्तुति और नवाचार के मानदंडों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। विजयी महिलाओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, जिससे स्थानीय महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास दिखाई दिया।

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि महिलाएँ परिवार और समाज की रीढ़ हैं, उनकी रचनात्मकता और कौशल को पहचानना और प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्व-रोजगार के अवसरों पर भी जोर दिया, कहा कि घरेलू कुकिंग को छोटे उद्यम में बदलकर आर्थिक सशक्तिकरण सम्भव है।

मंत्री श्री शुक्ला ने युवा पीढ़ी को पारंपरिक पाक शैलियों को संजोए रखने के साथ-साथ पौष्टिकता और स्वच्छता का ख्याल रखने की सलाह दी। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों, जनपद पंचायत मेहगांव, स्कूल प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवकों के योगदान की विशेष रूप से सराहना की। अंत में अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने उपस्थित नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि नशे से होने वाला सामाजिक और आर्थिक विनाश रोका जा सकता है यदि समाज एकजुट होकर जागरूकता फैलाए और पीड़ितों को सहारा दे। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशामुक्ति के लिए शिक्षा, पुनर्वास और कानून व्यवस्था के माध्यम से लगातार कदम उठा रही है और स्थानीय स्तर पर भी समुदाय की भागीदारी आवश्यक है।

# नि :शुल्क साइकिल एवं ई-स्कूटी बांटी

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव/भिण्ड, 26 जून।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में सादीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्य मिक विद्यालय, मेहगांव में नि:शुल्क साइकिल वितरण और मेघावी छात्र योजना के अंतर्गत ई-स्कूटी वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि शिक्षा और परिवहन दोनों का समेकित विकास ही भविष्य के सशक्त नागरिक तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि साइकिल वितरण से छात्रों की विद्यालय उपस्थिति बढ़ेगी तथा ई-स्कूटी परियोजना



से विशेषकर दूरस्थ क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी और समय की बचत होगी। मंत्री श्री शुक्ला ने छात्र-छात्राओं के परिश्रम को सराहा और आश्वस्त किया कि सरकार ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखेगी। कार्यक्रम के अंत में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और लाभ सामग्री प्रदान की गई।



# मेहगांव में मृतक के परिजनों से मिले विधायक हेमंत कटारे, सरकार पर साधा निशाना

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव/भिण्ड, 26 जून।** अटेर विधायक हेमंत सत्यदेव कटारे ने मेहगांव निवासी स्वर्गीय संतोष बघेल के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने

**रेत माफिया पर सख्त कार्रवाई और कथित पुलिस बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच की मांग**

पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

विधायक कटारे ने कहा कि प्रदेश सरकार पिछड़े वर्ग के सम्मान और अधिकारों के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन मेहगांव की घटना इन दावों पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेत माफिया के डंपर की टक्कर से संतोष बघेल की मौत के बाद भी दोषियों के विरुद्ध समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते परिजनों और स्थानीय लोगों को शव रखकर चक्काजाम करना पड़ा,कटारे ने कहा कि पीड़ित परिवार का आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिसमें महिलाओं और बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। उन्होंने कहा कि यदि यह आरोप सही हैं तो यह बेहद गंभीर और निंदनीय मामला है तथा इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए, उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सवाल किया कि क्या प्रदेश में पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय मांगने का भी अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना है, न कि उनकी आवाज को दबाना,विधायक ने स्वर्गीय संतोष बघेल के परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय मिलने तक वे हर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक लड़ाई में उनके साथ खड़े रहेंगे। साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार से रेत माफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, मृतक के परिवार को त्वरित न्याय तथा प्रदर्शन के दौरान हुए कथित पुलिस बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई की मांग की।

## ट्रैक्टर ओर मोटरसाइकिल की टक्कर में 30 वर्षीय युवक की मौत

**सबलगढ़।** सबलगढ़ अटार रोड पर ग्राम मांगरोल में स्टेट बैंक के सामने बाजार से खरीददारी कर मोटरसाइक से जा रहे 30 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर की टक्कर मिट हो गई है। ग्राम बावड़ी निवासी भूरा रावत उमर 30 वर्ष शाम चार बजे सबलगढ़ से खरीददारी कर अपनी मोटर साइकिल से अपने गांव बावड़ी जा रहा था तभी मांगरोल गांव में स्टैट बैंक के सामने ट्रैक्टर ने भूरा रावत को जोरदार टक्कर मार दी जिससे भूरा रावत के सिर ओर कंधे पर गंभीर चोट आई थी भूरा रावत को सिविल अस्पताल सबलगढ़ लाया गया जहां ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टर पवन उपाध्याय ने उसको मृत्य घोषित कर दिया भूरा रावत शादी शुदा था उसके दो छोटे छोटे बच्चे हैं भूरा रवत परिवार में अकेला ही कमाने वाला व्यक्ति था भूरा की मौत की खबर जैसे ही उसके गांव बावड़ी पहुंची तो पूरे गांव में शोक छा गया।

## हाइवे पर चक्काजाम के मामले में

# 100 से अधिक लोगों पर एफआईआर

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 26 जून।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम करने के मामलों में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 36 नामजद समेत 100 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ गोहद एवं मेहगांव थानों में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं।

पुलिस के अनुसार, गोहद क्षेत्र के राय की पाली गांव के पास सड़क हादसे में सचिन की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया था। करीब 10 घंटे तक चले जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस का आरोप है कि कुछ लोगों ने वैकल्पिक मार्गों से भी



वाहनों को नहीं निकलने दिया। इस मामले में अनिल तोमर, सचिन तोमर, बसंत तोमर, नीरज तोमर, छोटू तोमर, लक्की राजावत, सूरज तोमर, मोहित पवैया, पंकज तोमर, विक्की तोमर और दीपक तोमर सहित अन्य के खिलाफ एनएच एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

इसके बाद गोहद चौराहे पर दोबारा चक्काजाम किए जाने के मामले में छोटू, पवन और जसवंत सिंह सहित 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं मेहगांव थाना क्षेत्र में संतोष बघेल की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम करने के आरोप में पुलिस ने 22 नामजद एवं 30 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में रामू राठौर, देवेंद्र निगम, आकाश राठौर, कल्लू पाल, मनीष पाल, जयसिंह बघेल, नितिन बघेल, प्रदीप बघेल, जीतू, बदन सिंह, नीलेश, भारत बघेल, राजेश, अजय सोनी, दिनेश बघेल, सोनीराम जाटव, मंगल राठौर, नरेश, जीतू खान, संतोष राठौर और नंदू राठौर सहित अन्य शामिल हैं।

# 10 हजार का इनामी हत्या का आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 26 जून।** थाना मेहगांव पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी रामभान गुर्जर निवासी कैथोदा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 20 अप्रैल 2026 को दर्ज हत्या के मामले में फरियादी ने शिकायत की थी कि उसका भाई न्यौता खाकर घर लौट



रहा था। इसी दौरान गांव के पास पांच आरोपियों ने एकराय होकर लाठी-डंडों एवं बंदूक से हमला कर दिया। गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में थाना मेहगांव में अपराध क्रमांक 99/2026 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन,एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल तथा एसडीओपी संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में फरार एवं इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना मेहगांव पुलिस ने आरोपी के घर के बाहर घेराबंदी कर रामभान गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया गया। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था,इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश शर्मा, प्रधान आरक्षक प्रदीप पचौरी, आरक्षक दिनेश मुद्गल एवं चालक आरक्षक शिवकुमार शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## साइबर अपराधियों की खैर नहीं

**श्योपुर।** श्योपुर पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अभियान जारी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया कर रहे हैं लगातार मॉनिटरिंग। साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत उठाए जाने वाले कदमों की दी जा रही जानकारी। मध्य प्रदेश। ऑनलाइन धोखाधड़ी और बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में प्रदेशव्यापी श्सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत पुलिस की टीमें अब शहरों के साथ-साथ गाँव-गाँव और कस्बों में पहुँचकर आम नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा का पाठ पढ़ा रही हैं। यह विशेष अभियान पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के कुशल निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया की सीधी मॉनिटरिंग में चलाया जा रहा है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल सक्रियता से भ्रमण कर रहा है, ताकि समाज के हर वर्गकृविशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के भोले-भले लोगों को साइबर ठगों के चंगुल से बचाया जा सके।

# मालनपुर में शांतिपूर्ण निकले ताजिए

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 26 जून।** मुहर्रम के अवसर पर मालनपुर में निकाले गए ताजिया जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने मोर्चा संभाला। उन्होंने पूरे जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान स्वयं अपने हाथों में रखी, जिससे कस्बे में सौहार्दपूर्ण माहौल में जुलूस संपन्न हुआ।

**थाना प्रभारी ने 2000 की भीड़ को किया साइबर जागरूक :** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में चलाए जा रहे * 'सेफ क्लिक 2.0 ' * अभियान के तहत थाना प्रभारी ने मालनपुर चौराहे पर ताजियों के साथ चल रही करीब 2000 की भीड़ को बैरिकेड लगाकर रोका और साइबर फ्रॉड से बचाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ह्ळ्क्ष बैंक डिटेल या आधार नंबर शेयर न करें। फर्जी लिंक, लॉटरी के मैसेज औरच्ड्ढ्ष्ट अपडेट के नाम पर आने वाली कॉल से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें।

**सौहार्द की मिसाल बना जुलूस :** पूरे जुलूस के दौरान हिंदू-मुस्लिम एकता देखने को मिली। पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से मुहर्रम का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। थाना प्रभारी ने सभी समुदायों का सहयोग के लिए आभार जताया।

**मुस्लिम समाज ने किया सम्मान**

ताजिया जुलूस के दौरान बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए मुस्लिम समुदाय ने थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी एवं पुलिस स्टाफ को माला पहनाकर सम्मानित किया। समुदाय के लोगों ने पुलिस की तत्परता और समन्वय की सराहना की। इसी क्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश किरार एवं वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद पुत्र युवा नेता व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रॉकी जैन और विनोद जैन को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने मानवता की मिसाल पेश करते हुए ताजियों में चल रहे जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 26 जून।** कलेक्टर भिण्ड के आदेशानुसार एवं उप संचालक सामाजिक न्याय श्री महेंद्र सिंह सौजन्या के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड सुश्री शालू दोहरे के कुशल नेतृत्व में आज श्अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण और अवैध तस्करी विरोधी दिवस 2026श् के अवसर पर एक वृहद नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद भिण्ड अध्यक्ष श्रीमती सरोज बघेल उपस्थित रहीं। उनके साथ अन्य जनपद सदस्य, अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय




सहभागिता दर्ज कराई।

**स्कूली छात्र-छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुतियां :** कार्यक्रम में शासकीय कन्या विद्यालय, एम.एल.बी. स्कूल और स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से भाग लिया। बच्चों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता, ओजस्वी भाषणों और गीतों के माध्यम से समाज को नशामुक्ति का कड़ा और स्पष्ट संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी अपने उद्बोधन के जरिए युवाओं और आमजन को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान एम.एल.बी. स्कूल की कक्षा 12वीं (कला संकाय) की छात्रा कु. मोहिनी शाक्य ने नशामुक्ति के विषय पर अत्यंत मार्मिक और प्रभावशाली भाषण दिया, जिसने वहां उपस्थित सभी लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

**कर्मचारी ने ली नशा छोड़ने की शपथ :** छात्रा मोहिनी शाक्य के विचारों से गहराई तक प्रभावित होकर जनपद पंचायत के कर्मचारी श्री श्रवण कुमार पचौरी ने कार्यक्रम स्थल पर ही सार्वजनिक रूप से संकल्प लिया और भविष्य में कभी भी श्खैनीश् (तंबाकू) न खाने की शपथ ली। यह इस आयोजन की सबसे बड़ी और जीवंत सफलता रही।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर नशामुक्ति का व्यापक संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्कूली बच्चों द्वारा एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई।

# जपं में मनाया अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस




**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 26 जून।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस तथा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त सप्ताह का समापन गोहद जनपद पंचायत में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत ष्ट्श्व्ह रामपाल बघेल उपस्थिति रहे मुख्य अतिथि का स्वागत कर मंच संचालन कर रहे अहिंसा नशा मुक्ति केंद्र के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने सभी उपस्थित जन को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण तथा नशा मुक्त सप्ताह के बारे में बताया तथा कहा की नशा एक सामाजिक बीमारी है जो आज आपके अगल बगल पास पड़ोस और रिश्तेदारी में फैली है, कल आपके घर भी फैल सकती है। इसलिए हम सबको इसके खिलाफ नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना है।

जनपद पंचायत ष्ट्श्व्ह जी द्वारा भी सभी को कहा गया की समाज में नशा लगातार फैल रहा है हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को अगर बचाना है तो सबसे पहले स्वयं को नशा मुक्त रखना है ब्रम्हाकुमारी ज्योति दीदी द्वारा योग आध्यात्मिक शक्ति और नशा मुक्त रहने का सन्देश दिया तो वही क्ष्ढ्ढ गुर्जर सर द्वारा नशा ना करने का संकल्प दिलाया अंत में ब्रम्हकुमारी आश्रम से आये भैया ने सभी को नशा मुक्ति का सन्देश नारों के माध्यम से और अहिंसा नशा मुक्ति केंद्र के डॉ परमार द्वारा सेंटर पर कैसे नशे से पीड़ित लोगो का उपचार होता है समझाया अंत में रैली निकाली गई और शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन हुआ इसअवसर पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रितु बंसल समाजिक और न्याय कल्याण विभाग के कर्मचारियों सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 को, 2 .70 लाख का लक्ष्य

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 26 जून।** जिले में कलेक्टर भिण्ड के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान दिनांक 28 जून 2026 दिन रविवार को 2248 बूथ लगाकर जन्म से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से सुरक्षा हेतु दो बूंद पल्स पोलियो की पिलायी जायेगी। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रथम दिवस ही बूथ पर अधिक से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जाये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे.एस. यादव ने बताया कि विगत 14 वर्षों से भारतवर्ष पोलियो मुक्त है तथा दिनांक 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो मुक्त प्रमाणित किया गया था, जो एक बड़ी उपलब्धि है। हालांकि, विश्व के कुछ भागों और हमारे कुछ पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो वायरस का संक्रमण जारी है, जिससे आयातित मामलों का खतरा बना रहता है। इसको दृष्टिगत रखते हुये भारत शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार दिनांक 28 जून 2026 राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान जिले में आयोजित किया जायेगा। जिले के समस्त अभिभावकों से अपील है कि वे अपने जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो बूथ पर लाकर दवा अवश्य पिलायें।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ गौरव भटनागर ने बताया कि इस हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं, जिसमें जन्म से पांच वर्ष तक के लगभग दो लाख सत्तर हजार बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। इस हेतु 4495 कार्यकर्ता पल्स पोलियो की दवा पिलायेंगे, जिनमें 55 टीमें जिले में मोबाईल टीम की तरह कार्य करेंगी तथा 36 टीमें बस स्टेण्ड तथा जिले के आवागमन स्थलों पर लगायी जायेंगी। पल्स पोलियो की सतत् मॉनिटरिंग हेतु 243 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये हैं।

अभियान की सतत् मॉनिटरिंग हेतु जिले के अधिकारियों को ब्लॉक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं, जिसमें डॉ आर.एस. सेमिल ब्लॉक फूप, डॉ आलोक शर्मा ब्लॉक मेहगांव, डॉ शिवराम सिंह कुशवाह रौन, डॉ डी.के. शर्मा ब्लॉक अटेर, डॉ.अवधेश सोनी ब्लॉक लहार, श्रीमती ज्योति अंसोलिया ब्लॉक गोहद एवं श्री सौरभ शर्मा को भिण्ड अर्बन आवंटित किये गये हैं। यह भी बताया गया है कि किन्हीं कारणों से जो बच्चें छूट जाते हैं उन्हें दिनांक 29 तथा 30 जून 2026 को घर-घर जाकर पिलायी जायेगी दो-दो बूंद।

**मुक्तिधाम निर्माण के लिए घड़ियाल संेचुरी को भेजेंगे पत्र**

**श्योपुर, 26 जून।** जनपद पंचायत श्योपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत राधापुरा में मुक्तिधाम निर्माण के लिए घडियाल संेचुरी को फिर से अनुमति हेतु पत्र भेजा जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एसएस भटनागर ने ग्राम राधापुरा में मुक्तिधाम नही होने के संदर्भ में अवगत कराया कि उक्त ग्राम पार्वती नदी के किनारे बसा हुआ हैं तथा ग्रामीण पराम्परागत रूप से नदी किनारे दाह संस्कार करते आये है, उक्त क्षेत्र चंबल घडियाल संेचुरी अंतर्गत आने से वनमंडलाधिकारी मुरैना को अनुमति हेतु पत्र व्यवहार किया गया था, अब फिर से पत्र व्यवहार किया जायेगा तथा मुक्तिधाम निर्माण के साथ ही प्लेटफार्म, टीनशैड आदि अनुमति प्राप्ति के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि चंबल एवं पार्वती नदी के किनारे बसे ग्रामों में घडियाल रिजर्व संेचुरी अंतर्गत मुक्तिधाम निर्माण के कार्य नही हो पा रहे है।